पंजाब केसरी 16/09/2025

# नए विद्यार्थियों के लिए हुआ ओरिएंटेशन कार्यक्रम

अम्बाला, 15 सितम्बर (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में एम.बी.ए. एवं एम.सी.ए. प्रथम वर्ष के नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम प्राचार्य डा. रोहित दत्त के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ कम्प्यूटर एप्लीकेशन्स विभाग की डीन डा. प्रबलीन कौर, विभागाध्यक्ष श्याम रहेजा और बिजनेस एवं मैनेजमैंट विभाग की विभागाध्यक्ष डा. भारती सुजान द्वारा स्वागत भाषण के साथ किया गया। इस अवसर पर दोनों विभागों के संकाय सदस्यों का भी विद्यार्थियों से परिचय कराया गया।

इन नए विद्यार्थियों में कॉलेज के प्रति जुड़ाव पैदा करने के उद्देश्य से प्रो. कमलप्रीत कौर ने विभिन्न संवादात्मक एवं मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया, जिससे विद्यार्थियों में उत्साह और टीम भावना का संचार हुआ। डा. कुंडू ने विद्यार्थियों को परीक्षा के नियमों और विनियमों की जानकारी दी, वहीं डा. ज्योति सोरौत ने एन.ई.पी. नीति पर चर्चा की। डा. उपिन्दर कौर ने बच्चों को ई.आर.पी. प्लेटफॉर्म के बारे में समझाया।